>

Title: Need to permit Ayush doctors to practice Allopathy.

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी):** आज भी देश में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का काफी अभाव है । एम.बी.बी. एस. डॉक्टर गांवों में जाने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं ।

देश में प्रधानमंत्री जी की आयुष्मान भारत योजना को काफी सफलता मिली है और कई राज्यों में आयुष डाक्टर ऐलोपैथी पद्धति से अपने-अपने राज्यों में उपचार कर रहे हैं । लेकिन राजधानी दिल्ली सहित कुछ राज्यों में आयुष डाक्टरों को ऐलोपैथी दवाएं लिखने की अनुमति नहीं है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि सम्पूर्ण भारत में आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष डाक्टरों को एक साल का ब्रिज कोर्स करवा कर ऐलोपैथी पद्धति से उपचार की अनुमति प्रदान की जाये ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधायें सही ढंग से मिल सके ।